उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, 19-सी, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पत्र संख्या–पीआरपीबी–चार–15–(07)–2024 दिनांक–फरवरी 07 , 2025

सूचना / विज्ञप्ति

चयन वर्ष–2024–25 हेतु कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी से कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी के रिक्त 312 पदों पर एवं चयन वर्ष–2022–23 हेतु कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी से प्रोग्रामर ग्रेड–2 के रिक्त 56 पदों के सापेक्ष पात्र 01–01 कार्मिक की विभागीय लिखित परीक्षा / सेवाभिलेखों के मूल्यांकन के आधार पर श्रेष्ठताक्रम में चयन।

बोर्ड द्वारा उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा–संशोधित) में निहित प्रावधानानुसार चयन **वर्ष–2024–25** हेतु कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी से **कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी** के रिक्त **312** पदों पर एवं चयन **वर्ष–2022–23** हेतु कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी से **प्रोग्रामर ग्रेड–2** के रिक्त **56** पदों के सापेक्ष पात्र 01–01 कार्मिक की विभागीय लिखित परीक्षा / सेवाभिलेखों के मूल्यांकन के आधार पर श्रेष्ठताक्रम में चयन के सम्बन्ध में विभागीय लिखित परीक्षा **दिनांक 13–02–2025** को **उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, 19सी, तुलसी गंगा काम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग, लखनऊ–226001** में समय प्रातः 11.00 बजे से 01.30 बजे तक सम्पन्न होगी। अभ्यर्थीगण प्रवेश पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

2– अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा से सम्बन्धित प्रवेश पत्र उनके नियुक्ति जनपद / इकाई के प्रभारी के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने का लिंक उ0प्र0 पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट **http://uppbpb.gov.in/** पर भी उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर उसमें दिये गये फील्डस को भरकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर यथास्थान अपना फोटो चस्पा कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित कराकर उपयोग में ला सकते है। हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराये गये अथवा नेट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र में से कोई एक ही प्रमाणित किया गया प्रवेश पत्र अभ्यर्थी द्वारा प्रयोग में लाया जायेगा।

3– अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें लिखित परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र में अंकित **''अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश''** नामक शीर्षक के अन्तर्गत अंकित निर्देशों का भली–भॉति अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

अपर सचिव (प्रोन्नति) / परीक्षा नियन्त्रक
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।
07